दिनांक 25 अगस्त 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर के निर्देश पर नीरज पाल ने ली जोनवार विभागीय कार्यों की समीक्षा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं जनता से जुड़े हुए प्रमुख मुद्दों के विषय में समस्त जोन क्षेत्र की जोनवार समीक्षा महापौर के निर्देश पर एमआईसी सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी नीरज पाल ने महापौर कक्ष में ली इस दौरान उपायुक्त तरुण पाल लहरें उपस्थित रहे! बैठक 11:30 बजे से प्रारंभ हुई जिसमें अलग-अलग जोन की बारी-बारी से समीक्षा की गई! समीक्षा में निगम के द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की गई! आकाशगंगा में व्यवस्थित पार्किंग बनाने के संबंध में जोन आयुक्त को जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए! श्री पाल ने समस्त जोन आयुक्तों को कहा कि अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करें , अनावश्यक कार्यों को लंबित न रखें तथा ऐसे कार्य जो काफी लंबे समय से प्रगति पर हैं उन्हें पर्सनली मॉनिटरिंग कर पूर्ण कराएं, शासन स्तर से निगम भिलाई के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत हुए निर्माण कार्यों को निविदा प्रक्रिया मे लाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करावे , बीएसपी प्रबंधन को अनापत्ति के लिए प्रेषित किए गए कार्यों की सूची की भी जानकारी प्राप्त की , उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन किया जाना है उन्हें शीघ्रता से करावे तथा जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उन्हें जनता को सौंपने में देरी ना करें और जल्द ही लोकार्पण कराएं, छोटे-बड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों मे प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं! सफाई के संबंध में जोन आयुक्तों को कहा कि गली मोहल्लों की नालों की सफाई , चौक चौराहों की सफाई, सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कलेक्शन नियमित रूप से करावे साथ ही जल प्रदाय के लिए डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन का कार्य जल्द ही पूर्ण करें कोई भी क्षेत्र इससे वंचित ना हो इसका भी ध्यान रखें! जोन के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए मौसमी बीमारी से बचाव के रोकथाम , सफाई व्यवस्था, निर्माण एवं विकास कार्य के बारे में जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को कहा कि सफाई से संबंधित सारे कार्य समय पर हो! बैठक में जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी , पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा एवं महेंद्र पाठक, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा , टीके रणदिवे, संजय बागड़े, डीके वर्मा, सहायक अभियंता सुनील दुबे, सुनील जैन, कुलदीप गुप्ता, अखिलेश चंद्राकर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे!